University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

(नैक द्वारा A++ प्रत्यायित)
कुलसचिव कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ० प्र०)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P.)INDIA

संख्या GA-25678-758
दिनांक 20/11/2024

सेवा में,

1. **समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक,**
2. **समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर, रायबरेली)**

लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः— **"संविधान दिवस" दिनांक 26.11.2024 को विश्वविद्यालय/संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संलग्न कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ पत्र संख्या—8516/32—जी0एस0/2024, दिनांक 11 नवम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे। जोकि संविधान दिवस दिनांक 26.11.2024 के अवसर पर विश्वविद्यालय/संस्थान एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन हेतु कतिपय निर्देश प्रदान किये गये है।

अतः राजभवन द्वारा दिये गये निर्देश के कम में मा0 कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में अनुरोध है कि दिनांक 26.11.2024 को संविधान दिवस के अवसर पर सविधान से सम्बन्धित ऐतिहासिक स्थलो का चयन कर छात्र—छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण, संविधान से सम्बन्धित विषयों को निर्धारित करके छात्र/छात्राओं में भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, पेंटिग प्रतियोगिताओं का आयोजन कर समय—समय पर सूचना से मा0 कुलपति जी द्वारा विश्वविद्यालय से नामित नोडल अधिकारी प्रो0 वी0के0 शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को अवगत कराने का कष्ट करे।

प्रो0 वी0के0 शर्मा का मोबाइल नम्बर—9415423222 एवं ई—मेल आईडी—vksharma21@hotmail.com है।

भवदीय,

(विद्यानन्द त्रिपाठी)
कुलसचिव

संलग्नक यथोपरिः—

संख्या—........................ दिनांक—..........................

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ पत्र संख्या—8516/32—जी0एस0/2024, दिनांक 11 नवम्बर, 2024के कम में सूचनार्थ।
3. प्रो0 वी0के0 शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0वि0 इस आशय से प्रेपित कि समस्त से समन्वयक स्थापित करते हुये उक्त का कियान्वयन सुनिश्चित करने एवं कार्यालय को प्रगति से अवगत कराने का कष्ट करे।
4. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, ल0वि0।
5. इंचार्ज वेबसाइट को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि महाविद्यालयों के लिंक पर अपलोड करने तथा समस्त को ई—मेल के माध्यम से प्रस्तुत करते हुये विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड करने का कष्ट करे।
6. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0
लखनऊ–226027

संख्याःई– 8516 / 32–जी0एस0 / 2024-
दिनांकः 11 नवम्बर, 2024

प्रेषकः

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान
उत्तर प्रदेश।

विषयः **"संविधान दिवस"** दिनांक 26.11.2024 को विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया दिनांक 26.11.2024 को **"संविधान दिवस"** के अवसर पर विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के निदेश सक्षम स्तर से प्राप्त हुए हैंः–

(क). संविधान से सम्बन्धित ऐतिहासिक स्थलों का चयन कर विश्वविद्यालय / संस्थान व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाय।

(ख). विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अपने स्तर पर संविधान से सम्बन्धित विषयों को निर्धारित करके विश्वविद्यालय / संस्थान एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं में भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता दिनांक 26.11.2024 को आयोजित की जाय।

(ग). प्रत्येक विश्वविद्यालय / संस्थान के स्तर पर विश्वविद्यालय / संस्थान के छात्रगणों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के मध्य उपर्युक्त प्रस्तर (ख) में अंकित प्रतियोगितायें आयोजित कराई जायें। इन अलग–अलग प्रतियोगिताओं में संस्था / विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं के मध्य प्रतियोगितायें, राजभवन में आयोजित की जायेगी। विश्वविद्यालय / संस्थान से राजभवन को उपर्युक्त सूचनायें प्राप्त होने के पश्चात्, राजभवन स्तर पर आयोजन की तिथि निर्धारित करते हुए, पृथक से सूचित की जायेगी।

2. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि "संविधान दिवस" के अवसर पर उपर्युक्तानुसार अपने–अपने विश्वविद्यालय / संस्थान एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में तदनुसार गतिविधियाँ संचालित कर अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

O.S.(G.A)
12.11.2024

(डा0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी